दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 137 मुरादाबाद 12 September 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## पीएम मोदी ने 1893 में स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण को किया याद

नई दिल्ली-मोदी ने ट्वीट किया कि भावे का जीवन गांधीवादी सिद्धांतों की अभिव्यक्ति है। प्रधानमंत्री ने 11 सितंबर का स्वामी विवेकानंद से खास संबंध होने का भी जिक्र करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 1893 में इसी दिन शिकागो में ऐतिहासिक भाषण दिया था। मोदी ने ट्विटर पर वह भाषण साझा करते हुए कहा, 1893 में आज ही के दिन उन्होंने शिकागो में सबसे उत्कृष्ट भाषणों में से एक भाषण दिया था। उनके भाषण ने दुनिया को भारत की संस्कृति और मूल्यों की झलक दिखायी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 1893 में आज ही के दिन अमेरिका के शिकागो में स्वामी विवेकानंद के भाषण को याद किया। माना जाता है कि स्वामी विवेकानंद ने वेदांत की अवधारणाओं और आदर्शों को पश्चिमी दुनिया में पेश किया था। विश्व धर्म संसद में अपने प्रसिद्ध भाषण के बाद वे पश्चिम में लोकप्रिय हो गए। वह 19वीं सदी के भारतीय रहस्यवादी रामकृष्ण के प्रमुख शिष्य और रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के संस्थापक भी थे।स्वामी विवेकानंद को भारत में हिंदू धर्म के पुनरुद्धार और 19 वीं शताब्दी के अंत में प्रमुख विश्व धर्म की स्थिति में लाने में एक प्रमुख शक्ति के रूप में माना जाता था। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन को देश में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन, बेलूर मठ की वेबसाइट से 11 सितंबर, 1893 को विश्व धर्म संसद, शिकागो में स्वामी विवेकानंद के संबोधन के अंश यहां दिए गए हैं अमेरिका की बहनों और भाइयों, आपने हमें जो गर्मजोशी और सौहार्दपूर्ण स?वागत किया है, उसके प्रत्युत्तर में उठना मेरे हृदय को अकथनीय आनंद से भर देता है। मैं दुनिया में भिक्षुओं के सबसे प्राचीन क्रम के नाम पर आपको धन्यवाद देता हूं; धर्मों की जननी के नाम से मैं आपको धन्यवाद देता हूं और मैं सभी वर्गों और संप्रदायों के लाखों-करोड़ों हिंदू लोगों के नाम पर आपको धन्यवाद देता हूं।मेरा धन्यवाद, इस मंच के कुछ वक्ताओं को भी, जिन्होंने, ओरिएंट के प्रतिनिधियों का जिक्र करते हुए, आपको बताया है कि दूर-दराज के देशों के ये लोग अलग-अलग देशों में सहनशीलता के विचार को धारण करने के सम्मान का दावा कर सकते हैं। मुझे एक ऐसे धर्म से संबंधित होने पर गर्व है जिसने दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति दोनों सिखाई है।हम न केवल सार्वभौमिक सहिष्णुता में विश्वास करते हैं, बल्कि हम सभी धर्मों को सत्य मानते हैं। मुझे एक ऐसे राष्ट्र से संबंधित होने पर गर्व है, जिसने सभी धर्मों और पृथ्वी के सभी राष्ट्रों के उत्पीड़ितों और शरणार्थियों को आश्रय दिया है।मैं आपके सामने एक भजन की कुछ पंक्तियों को उद्धृत करूंगा, जो मैंने अपने शुरुआती बचपन से दोहराई है और जिसे हर दिन लाखों लोगों की ओर से दोहराया जाता है- %जिस तरह विभिन्न धाराओं के स्त्रोत अलग-अलग जगहों पर होते हैं और वह सभी आपस में मिलते हैं, जैसे समुद्र में पानी, इसी तरह मनुष्य विभिन्न प्रवृत्तियों के माध्यम से जो विभिन्न मार्ग लेते हैं, भले ही वे टेढ़े या सीधे हों सभी भगवान की तरफ ही ले जाते हैं।वर्तमान अधिवेशन, जो अब तक की सबसे प्रतिष्ठित सभाओं में से एक है, अपने आप में गीता में प्रचारित अद्भुत सिद्धांत की दुनिया के लिए एक घोषणा भी की गई थी। उसके मुताबिक %जो कोई भी मेरे पास आता है, किसी भी रूप में, मैं उस तक पहुंचता हूं; सभी मनुष्य उन पथों से संघर्ष कर रहे हैं जो अंत में मेरी ओर आ जाते हैं। साम्प्रदायिकता, कट्टरता और कट्टरतावाद ने इस खूबसूरत धरती पर लंबे समय से कब्जा कर रखा है।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूदान आंदोलन के प्रेरणा विनोबा भावे की जयंती पर उन्हें रविवार को श्रद्धांजलि दी।

## जो अपनी पार्टी को नहीं बचा पा रहे हो वो भारत को जोड़ने निकले हैं, साध्वी निरंजन ज्योति का राहुल गांधी पर तंज



फतेहपुर केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि जो पार्टी को नहीं बचा पा रहे हो वह भारत को जोड़ने निकले हैं। कहा कि कांग्रेस के परिवारवाद से परेशान होकर वरिष्ठ नेता पार्टी छोड़ रहे हैं, राहुल गांधी पहले उनको बचा लें। वह रविवार को पार्टी कार्यालय में डिप्टी सीएम के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि यह यात्रा वह अपना परिवार का वजूद बचाने के लिए निकाल रहे हैं। जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह से नकार दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह से देश की जनता का दिल जीत लिया है, उससे विपक्षी दल बौखला गए है। एक सवाल के जवाब में साध्वी ने कहा कि जो अपने पिता और चाचा का नहीं हुआ, उससे प्रदेश की जनता क्या उम्मीद करे। लगातार पराजय से अखिलेश इतना हताश व निराश हो गए हैं कि क्या बोल रहे हैं उन्हें खुद भी नहीं पता रहता है। ऐसे लोग प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं।साध्वी ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा देश ही नहीं विश्व के लोग उनकी काबिलियत का लोहा मान रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र की भाजपा सरकार ने देश को ऊंचाइयों में पहुंचाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

## डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने किया खुलासा, कोविड से हर 44 सेकंड में 1 व्यक्ति की मौत




विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चेतावनी दी है कि वैश्विक स्तर पर हर 44 सेकेंड में अब भी एक व्यक्ति की मौत कोविड-19 से हो रही है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक ट्रेडोस एडनॉम घेब्रेयसस ने कहा कि यह वायरस यूं ही खत्म नहीं होगा। उन्होंने अपनी नवीनतम टिप्पणी में कहा, रिपोर्ट किए गए मामलों और मौतों में वैश्विक गिरावट जारी है। यह बहुत उत्साहजनक है। लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है कि ये रुझान बने रहेंगे।घेब्रेयियस ने अपनी नियमित ब्रीफिंग के दौरान कहा, फरवरी के बाद से साप्ताहिक रिपोर्ट की गई मौतों की संख्या में 80 प्रतिशत से अधिक की गिरावट हो सकती है, लेकिन फिर भी, पिछले सप्ताह कोविड-19 से हर 44 सेकंड में एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है।उन्होंने कहा, उनमें से अधिकतर मौतों को टाला जा सकता है। आप मुझे यह कहते हुए सुनकर थक गए होंगे कि महामारी खत्म नहीं हुई है। लेकिन मैं इसे तब तक कहता रहूंगा जब तक कि यह वायरस खत्म नहीं होगा। डब्ल्यूएचओ अगले सप्ताह छह संक्षिप्त नीति का एक सेट प्रकाशित करेगा, जिसमें उन आवश्यक कार्रवाइयों को रेखांकित किया जाएगा जो सभी सरकारें संचरण को कम करने और जीवन बचाने के लिए ले सकती हैं।संक्षेप में परीक्षण, नैदानिक प्रबंधन, टीकाकरण, संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण, जोखिम संचार और सामुदायिक जुड़ाव, और इन्फोडेमिक के प्रबंधन के आवश्यक तत्वों को शामिल किया जाएगा।डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा, हमें उम्मीद है कि देश इन संक्षिप्त विवरणों का उपयोग अपनी नीतियों के पुनर्मूल्यांकन के लिए सबसे अधिक जोखिम वाले लोगों की रक्षा करने, उन लोगों के साथ व्यवहार करने और जीवन बचाने के लिए करेंगे, जिन्हें इसकी आवश्यकता है। महामारी हमेशा विकसित हो रही है, और इसलिए हर देश में प्रतिक्रिया होनी चाहिए। मंकीपॉक्स पर उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ यूरोप में लगातार गिरावट का रुख देख रहा है।घेब्रेयस ने कहा, जबकि अमेरिका से रिपोर्ट किए गए मामलों में भी पिछले सप्ताह गिरावट आई है, उस क्षेत्र में महामारी के बारे में दृढ़ निष्कर्ष निकालना कठिन है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, कुल 52,997 लोग मंकीपॉक्स वायरस से संक्रमित हुए हैं। पिछले चार हफ्तों में दर्ज मामलों में से 70.7 फीसदी अमेरिका से और 28.3 फीसदी यूरोप से आए हैं।

# डूडा कार्यालय में दलालों की भरमार बिना दलाली के डूडा कार्यालय नहीं चलता - राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- डूडा विभाग द्वारा पीएम आवास योजना के तहत जो मकान दिए जाते हैं वह मकान पैसे के बल पर अपात्र लोगों को दिए जाते हैं यह मामला कई बार प्रकाश में आया है डूडा विभाग के अधिकारी कितनी भी सफाई देने सबसे ज्यादा पैसा पीएम आवास के नाम पर डूडा कार्यालय नहीं लिया जाता है जो फाइलें पीएम आवास की पास होती वही पास होती हैं जिनका पैसा वहां पर पहुंच जाता है चाहे वह पात्रता की श्रेणी में हो चाहे वह अपात्र की श्रेणी में हो भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने इस संबंध में पहले भी शिकायत उच्च अधिकारियों से की थी साहब चेतावनी दी गई थी डूडा विभाग में ऐसे गरीब व्यक्ति से पैसा न लिया जाए लेकिन दलालों की सक्रियता डूडा विभाग में बहुत सक्रिय रहती है बिना दलालों के डूडा विभाग में कोई कार्य नहीं होता डूडा विभाग सरकार के आदेश के विपरीत चल रहा है इसे



किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि हुडा विभाग से दलालों को नहीं हटाया जाएगा तब तक पात्र लोगों को मकान की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकती इससे विभाग के बाबू से लेकर क्लर्क तक दलालों से मिले रहते हैं प्रकाश में देने से डूडा ऑफिस की बेईमानी नहीं छुप सकती और मीडिया से कोई भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी नहीं बच सकता भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि कांशीराम आवासों में जमकर धांधली बाजी हुई जो भी सूची तैयार की गई उन सूचियों से नाम पात्र लोगों के हटा दिए गए और अपात्र लोगों के नाम लगा दिया जाए कलेक्ट्रेट कमरा नंबर 6 में या खेल जमकर चला इसका भी विरोध भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने ही किया था कमिश्नर एवं जिला अधिकारी डूडा विभाग से कांशीराम आवासों की एवं पीएम आवासो के रजिस्टर जप्त करें डूडा कार्यालय में बिना बड़े अधिकारी के इतना बड़ा भ्रष्टाचार नहीं हो सकता सब अधिकारी की मिलीभगत से होता है कांशीराम आवासों की पीएम आवास ओके पीसीएस अधिकारियों के 5 लोगों की कमेटी बनाकर जांच कराई जाए विभाग के किसी भी कर्मचारी एवं अधिकारी को इसमें शामिल न किया जाए पीएम आवास में कांशीराम आवासों में बहुत बड़ा बड़े पैमाने जमकर काले धन की कमाई हुई है डूडा ऑफिस के कर्मचारी एवं अधिकारियों को अभी यह पता नहीं है उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार चल रही है भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे कर्मचारी एवं अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा

# बिजली विभाग मस्त जनता त्रस्त

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- अभी हाल में ही एक बिजली विभाग के कर्मचारी को ड्यूटी के दौरान लालपरी के नसे में मस्त देखा गया था हर एक प्रकार की खबर चलने के बाद भी बिजली विभाग टस से मस होने का नाम नहीं ले रहा है, रोस्टिंग के नाम पर 2 घंटा फिर लाइन फाल्ट के नाम पर 2 घंटा फिर बोल्टेज पर्याप्त नहीं है के नाम पर दो घंटा फिर फीडरो को एक-एक घंटे रोक रोक कर चलाना यहां सब आए दिन के ड्रामें है। बिजली जो कि ग्रामीण क्षेत्र की लाइनों का 18 घंटे का शेड्यूल है में से 16 घंटे योग्य विद्युत कर्मचारियों के द्वारा बताया गया उसमे में से भी मुश्किल से 6 से 8 घंटे ही मिल पाती है वह भी कभी-कभी लाइन फाल्ट होने पर नसीब नहीं होती, विद्युत विभाग से लेकर विद्युत अधिकारियों से इस मामले में बात की जाती है तो वह भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाते हैं, जबकि बिजली बिल के नाम पर ठीक समय पर कभी मीटर रीडर 1 दिन होने पर कनेक्शन काट दिया जाता है ऐसी मनमानी विद्युत विभाग कर्मचारी आए दिन करते हैं, विभाग के इस रवैया से जनता काफी परेशान है। इस प्रकार से विद्युत विभाग से क्या कयास लगाए जा सकते हैं, जबकि देखा जाए तो एग्रीकल्चर की लाइनों को ग्रामीण क्षेत्र से जोड़कर विद्युत विभाग कर्मचारियों की मिलीभगत में खूब चलाया जाता है, विद्युत विभाग के इस रवैये से नगरवासियों ग्रामीणों, में काफी अधिक रोष व्याप्त है ।

# कार अनियंत्रित होकर पोल से टकराई, बाल बाल बचे कार सवार

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- खुटार से पलिया की ओर जा रही कार अनियंत्रित होकर विधुत पोल से टकरा गई जिससे बिजली के पोल व विद्युत ट्रांसफार्मर कार के ऊपर गिर गया कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई इतना बड़ा हादसा होने के बाद कार में सवार दोनों युवक बाल-बाल बच गए वहां मौजूद लोगों ने तुरंत दोनों कार में फंसे युवकों को बाहर निकाला और फोन पर उनके परिजनों को सूचना दी खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों युवकों को अपने गृह जनपद लेकर रवाना हो गए, हादसा इतना भयानक था कि ईश्वर की कृपा थी कि दोनों युवकों को खरोच तक नहीं आई बताते हैं विद्युत पोल पर हाईटेंशन लाइन भी चल रही थी।

# दुर्घटना का दावत दे रहा साईं गांव चौराहा से मोगला जाने वाली रोड



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती साईं गांव चौराहे से मोगला को जाने वाली सड़क पीडब्ल्यूडी पर बरसात होने से बने गड्ढे कभी भी गड्ढे में गिर कर दुर्घटना हो सकती है विकास जमुनहा के अंतर्गत साईं गांव चौराहा से मोगला, मुनव्वर गांव, होते हुए चौबे डीह से गिरंट बजार हाईवे रोड को जोड़ती है इस रोड पर साईं गांव चौराहा के पास काफी सड़क कट गई है वर्षा के कारण जिस पर कभी भी दुर्घटना हो सकती है पीडब्ल्यूडी विभाग के कम कर्मचारी व अधिकारी इस रोड को बनवाने व गड्ढा भरने का काम नहीं कर रहे हैं। जबकि ग्रामीणों ने कई बार मौखिक दूरभाष पर संपर्क करके रोड बनवाने की मांग किया उमेश गुप्ता, सुरेश जायसवाल,रशीद खान ,बाबू जी, महादेव प्रसाद ,छीटन गुप्ता व अन्य ग्रामीणों ने रोड बनवाने की मांग जिला अधिकारी श्रावस्ती की है ध्यान नहीं दिया जा रहा है जब की इस रोड पर काफी संख्या में लोगों का आना जाना रहता है ।

# 100 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ सात गिरफ्तार



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-थाना इकौना पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1. चौबे पुत्र किशोरी लाल निवासी पटखौली थाना इकौना जनपद श्रावस्ती 2. रिंकू पुत्र महंगू निवासी पटखौली थाना इकौना जनपद श्रावस्ती 3. रामकुमार पुत्र रामविलास निवासी केवल पुरवा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती 4. पप्पू पुत्र आज्ञाराम निवासी कोरियन पुरवा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती के कब्जे से क्रमश 20-20-10-10 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना इकौना पर मु0अ0सं0 255, 256, 257, 258/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना सिरसिया पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1. रामकरण यादव पुत्र मंगल प्रसाद निवासी बैरिया कुंडी थाना नवाबगंज जनपद बहराइच 2. जयकरण पुत्र अमेरिका प्रसाद निवासी विशुनापुर थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती के कब्जे से क्रमशः 10-10 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। कोतवाली भिनगा थाना जनपद श्रावस्ती के कब्जे से 20 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना को0भिनगा पर मु0अ0सं0 503/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया ।

# प्राथमिक विद्यालय बजरिया में बच्चों को वितरित किताबें



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- नगर के मोहल्ला बजरिया में प्राथमिक विद्यालय नारायनपुर विक्रमपुर में बच्चों को किताबें वितरित की गई विद्यालय की प्रधानाचार्य संतोषी गुप्ता एवं मोहल्ले के सभासद छत्रपाल कश्यप ने बच्चों को किताबें वितरित की किताब वितरण कार्यक्रम में छत्रपाल कश्यप ने कहा की सभी बच्चे खूब मन लगाकर पढ़े और अपने मां-बाप का नाम रोशन करें आप ही देश का भविष्य है, इस अवसर पर शिक्षामित्र हरजीत सिंह, परमजीत कौर, रिशु , सहित तमाम अभिभावक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# पीड़ित ने समाधान दिवस पर दी तहरीर न्याय ना मिलने पर दी आत्मदाह की धमकी

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर-खुटार नगर के मुख्य मार्केट में एक मिठाई वाले ने एक ग्राहक की जमकर पिटाई कर दी आहत होकर खुटार के मोहल्ला बगियानाथ निवासी रामनरेश पुत्र उजागर लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह शुक्रवार शाम अपने बेटे को नगर की एक मशहूर दुकान पर रसगुल्ले दिलाने आया था और रसगुल्ले लेकर



घर गया तो देखा कि रसगुल्ले में बदबू आ रही है,बदबू आने पर रामनरेश तुरंत ही मिठाई वापस करने के लिए दुकान पर गया तो दुकानदार ने रसगुल्ले वापस करने से मना कर दिया

पीड़ित का आरोप है कि दुकानदार जाति सूचक गालियां देने लगा तो रामनरेश ने गाली-गलौज करने से मना किया तो दुकानदार ने अपने अन्य साथियों के साथ जमकर मारपीट की और मोटरसाइकिल मोबाइल फोन तोड़ दिया और पुलिस के हवाले कर दिया जिस पर थाने में मोजूद एक मुन्शी ने भी पीड़ित के पेट पर लाते मारी और जबरदस्ती सादे कागज पर साइन करवाकर समझौता करा दिया जिससे पीड़ित को मानसिक रूप से तनाव पहूँचा पीड़ित का कहना है कि अगर न्याय नहीं मिला तो वह आत्महत्या कर लेगा उसने तहरीर देकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है लेकिन खुटार पुलिस कुछ करने के लिए तैयार नहीं है।

# रामगंगा नदी के तट पर परिवर्तन दी चेंज संस्था ने 41वे सफाई अभियान सप्ताह पर 14 दिन का विशेष सफाई अभियान शुरू किया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- परिवर्तन दी चेंज संस्था ने स्वच्छता अभियान के 41वें सप्ताह में मोक्ष धाम 1, राम गंगा विहार के पास रामगंगा नदी के तट को साफ करने के लिए एक विशेष 14 दिनों का सफाई और सौंदर्यीकरण अभियान शुरू किया है। यह अभियान नगर निगम, जिला प्रशासन द्वारा समर्थित है इससे पहले यह अभियान काली मंदिर रामगंगा तट पर प्रत्येक रविवार को चल रहा था। धार्मिक आयोजनों के चलते रामगंगा तट पर बहुत सा कचरा व न गलने वाला सामान इकठ्ठा हो गया है इसलिए इस अभियान का उद्देश्य नदी तट से कचरे को साफ करना व मूर्तिया आदि को उचित जगह तक पहुचाना है और घाट पर कुछ सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण करना है, यह विशेष अभियान 25 सितंबर 2022 को विश्व नदी दिवस के दिन पूर्ण होगा। इस अभियान में संस्था ने 700 किग्रा अपशिष्ट, 200 किग्रा मूर्तियों, 400 किलोग्राम कपड़ा व अन्य कचरा, मिलाकर कुल 1300+कि.ग्रा कचरा एकत्रित किया व इसका प्रबंधन किया। इस अभियान में संस्था अध्यक्ष कपिल कुमार सहित 20 से ज्यादा स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इस अभियान को इनहर व्हील क्लब मुरादाबाद एसेंस 310 द्वारा सहयोग किया जा रहा है। अतः अभियान के माध्यम से संस्था का मकसद रामगंगा तट को वृक्षारोपण करके, बैठने के लिए इको फ्रेंडली कुर्सियां लगाकर पर्यटन स्थल में तब्दील करना है।

# चेकिंग के दौरान बाइक रोकने पर बदमाशों ने पुलिस पर की फायरिंग, मुठभेड़ में दो गिरफ्तार, एक को लगी गोली



मुरादाबाद/रामपुर- टांडा थाना क्षेत्र में पुलिस की चेकिंग के दौरान बाइक सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उनके पास से बाइक और दो तमंचे बरामद किए हैं। पुलिस रविवार दोपहर सैदनगर से रामपुर को जाने वाले मार्ग पर प्रानपुर पुल के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी बीच रामपुर की ओर से आते एक लाल रंग की प्लेटिना बाइक पर सवार दो लोगों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। बाइक सवार दोनों लोग बाइक को वापस मोड़कर भागने लगे। शक होने पर पुलिस ने उनका पीछा किया। पीछा करने पर पुलिस से बचने को दोनों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने अपना बचाव करते हुए जवाबी फायरिंग की। इसमें एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जबकि दूसरे बदमाश को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो अवैध तमंचे 315 बोर व पांच कारतूस तथा दो खोखा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने बिना नंबर प्लेटिना बाइक भी बरामद की। घायल बदमाश कासिम को जिला अस्पताल रामपुर भेजा दिया है। पुलिस ने जनपद मुरादाबाद थाना मूंढापांडे के गांव मिलक मातीपुर निवासी घायल बदमाश कासिम व उसके साथी आसिफ पुत्र अख्तर निवासी गांव नगलिया कासमगंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अजयपाल सिंह, उप निरीक्षक अमित कुमार, उप निरीक्षक योगेश कुमार, सिपाही रविन्द्र सिह, माधव कुमार, अंकित कुमार, रविश कुमार, प्रदीप कुमार आदि शामिल रहे। अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह ने बताया कि पकड़े गए बदमाश आसिफ से पूछताछ की जा रही है।

## चम्मच के विवाद में किशोर की पीटकर हत्या, ताऊ ने ही स्वजन के साथ मिलकर उतारा मौत के घाट

मुरादाबाद- थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव मुडिया खेड़ा में शुक्रवार की रात चम्मच के विवाद के चलते ताऊ ने अपने स्वजनों के साथ मिलकर 17 वर्षीय भतीजे की पीट-पीटकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस को स्वजन ने शव नहीं उठाने दिया। बाद में पुलिस ने समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और 11 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी। मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गांव मुंडिया खेड़ा निवासी भूप सिंह और जय सिंह भाई हैं। शुक्रवार की रात भूप सिंह के घर से किसी ने एक चम्मच जय सिंह के घर फेंक दिया। जब भूप सिंह की बेटी चम्मच लेने गई तो जय सिंह के स्वजन ने चम्मच तोड़ दिया और कहासुनी होने लगी। कहासुनी के बाद गाली-गलौज और मारपीट होने लगी। जिसमें जय सिंह ने अपने स्वजन के साथ मिलकर भूपसिंह के बेटे अजीत सिंह को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जैसे ही शव को कब्जे में लेना चाह तभी स्वजन के साथ ग्रामीण भड़क गए और शव को नहीं उठाने दिया। पुलिस ने पीआरवी पुलिसकर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

# देवर बहनोई ने किया रेप, शिकायत पर पति ने दिया तीन तलाक

मुरादाबाद/पाकबड़ा। देवर बहनोई ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने शिकायत की तो पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया। एसएसपी ने मझोला थाने को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिये। मझोला थाना क्षेत्र निवासी किसान ने अपनी बेटी का निकाह सम्भल जिले के थाना हजरत नगर गढ़ी निवासी रफीक के साथ किया था। इन दोनों के चार बच्चे है। पीड़िता का देवर उस पर बुरी नजर रखता था। पीड़िता के साथ कई बार अश्लील हरकतें की गई। जिसकी शिकायत पीड़िता ने अपने पति व सास ससुर से की। लेकिन पीड़िता की बात को नही सुना गया। उसके बाद पीड़िता ने मामले की शिकायत अपने मायके में की। जब मायके वालों ने बात की तो कहा कि अब किसी तरह की शिकायत नही मिलेगी। 8 अगस्त को रात साढ़े आठ बजे तमंचे के बल पर पीड़िता के साथ देवर उस्मान और बहनोई इसरार ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला। पति रफीक ने पीड़िता को तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने परिजनों के साथ मामले की शिकायत एसएसपी हेमन्त कुटियाल से की। एसएसपी हेमन्त कुटियाल ने मझोला थाने को जांच कर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिये है।

# व्यापारी की घर में चोरी करता युवक रंगेहाथ दबोचा, केस दर्ज

मुरादाबाद- सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के नवीननगर में एक युवक व्यापारी के घर में घुसकर चोरी करने लगा। व्यापारी की पत्नी और परिवार के अन्य लोगों ने शोर मचाया तो आरोपी भागने लगा। पब्लिक की मदद से आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। थाना सिविल लाइंस के नवीनगर निवासी अनुज गुप्ता व्यापारी हैं। अनुज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार देर शाम करीब सात बजे एक अंजान व्यक्ति घर में घुस आया और ऊपर कमरे में पहुंच गया। उस समय अनुज की पत्नी शैली बाथरूम में थी। आरोपी ने बाथरूम का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। बाद में कमरे में रखा सामान समेट कर एक थैले में भरने लगा। इस दौरान खटपट की आवाज सुनकर व्यापारी की पत्नी ने शोर मचाया तो आरोपी थैला समेट कर भागने लगा। नीचे मौजूद व्यापारी अनुज गुप्ता और उनकी बहन समेत आसपास के लोगों ने घेर कर आरोपी को दबोच लिया। तत्काल इसकी सूचना 112 पर कॉल करके पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में तलाशी ली गई तो आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन और थैले में रखा सामान बरामद हुआ। बाद में व्यापारी ने आरोपी को सिविल लाइंस थाने पर ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया। साथ ही उसके खिलाफ तहरीर दी। एसएचओ सिविल लाइंस गजेंद्र सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपी की पहचान कटघर के गोविंदनगर निवासी पंकज के रूप में हुई है। उसके खिलाफ केस दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है। दूसरी ओर व्यापारी अनुज गुप्ता की माने तो इससे पहले भी आरोपी मोहल्ले में चोरी की कोशिश कर चुका है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख, समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# India's 'Duty Path'

India is once again free from slavery. The country became independent and sovereign 75 years ago, but the remnants of slavery remained. Even now there are many symbols, statues, historical monuments which seem to tease our independence and sovereignty. Many such inscriptions, documents, historical evidence, etc. will be buried in the dungeons of the monarchy, which will now be made public through new museums and the free country will be able to see and read the truths of the past. Today, the 'Central Vista' project seems to be a vast courtyard of transformative times, therefore noble and nationalistic, as the symbols of slavery and the colonial era are gradually being scrapped and erased. Indianness is being installed in their place. It is also the duty of our politics and power that the signs of slavery should be eradicated continuously and a new, indigenous face of New India should come to the fore. New history and new chapters should be written. In this context, the establishment of a 28-feet high, black stone statue of Netaji Subhas Chandra Bose in the 'India Gate' courtyard of the capital Delhi and changing the name of 'King's Way' (Rajpath) to 'Kattvya Path' is an early effort. This is not just a stone-changing exercise. This is the life-prestige of Indianness. The spirit and motivation of democracy is not a right but a duty. The statue of British Emperor King George V was installed till 1968 under the historic umbrella at 'India Gate'. Why did this slavery persist? During the first two decades of independence, our power and the politicians on it could not muster enough courage to remove the statue of the British emperor! Surprise! In fact, it can be called the slavery of mind and mentality, which kept our political leadership dumb and dwarfed. Prime Minister Modi has also called for freedom from slavery. There is a feeling of happiness and patriotism that a statue of a great hero of the country's freedom struggle has been installed at the site from where the 3.2 km route to 'Rashtrapati Bhavan' is now 'Kattvya Path'. Around that path the Central Secretariat, Prime Minister's residence and office, Vice President's residence, offices of 51 ministries and 'Parliament Bhavan', the greatest and most dignified symbol of our Republic, Constitution and Democracy, etc. have assumed their new forms. Only the final touches of beautification remain. This year the winter session of Parliament will be held in the new Parliament House. What could be more important nationalism and integration than this? Museums will be set up in South Block, North Block and Old Parliament House. This is not a special Prime Minister and Modi's 'Mahal' is being built and developed. The path of sovereign and 'Best India' also passes through 'Duttavya Path'. The opposition should accept the mistake that Rs 20,000 crore has not been spent on 'Modi Mahal', but 'Central Vista' area is being developed. , on which a total of Rs 2285 crore will be spent. India is the only country after America and France, which will have its own 'Central Vista'.these buildings were also built by Indian laborers and skilled masons. Soil, sand, iron and water also belonged to India. However, we hand over this debate to the opposition and only then we will give a detailed answer, but Prime Minister Modi's decision is democratic and nationalist that the historic function to be celebrated on the occasion of 'Republic Day 26 January' of 2023, the chief guest of 'Kattvya Path'. Workers only.

# 48-year-old Tisca Chopra wore a monokini for a bold pose, fans said, 'Hottest mermaid'

Tisca Chopra, who played the role of Ishaan's mother in the film Taare Zameen Par, has shared her latest bikini pictures on Instagram. In which she can be seen posing boldly in the swimming pool wearing a pink colored monokini. And the toned figure is also visible. But it has gone viral- "Tisca Chopra's pictures have gone viral on Instagram. It has got around 39 thousand likes in 3 hours. While more than 500 and a half comments have been made on it. Mummy Toh Kamal Hai Tumhari Beautiful Bikini: Tisca Chopra will soon be seen in the film Dahan - Tisca Chopra is a film actress. She has played an important role in many films. She will soon be seen in the film Dahan. Its trailer has been released. It will release on Disney+ Hotstar from September 16. It also stars Saurabh Shukla. Tisca Chopra has played an important role in several films. Tisca Chopra has also appeared in Taare Zameen Par as Ishaan's mother- Tisca Chopra in Aamir Khan She has also appeared in the role of Ishaan's mother in the film Taare Zameen Par. Her role was well-liked. Tisca Chopra has shared bold pictures and videos from her swimming pool before this. Tisca Chopra's films record at the box office. break business



## When Kangana Ranaut started eating beef because of her mother, she was told - snakes and octopus

Many Bollywood celebs have admitted to eating beef. Kangana Ranaut is also one of them. Although many years ago she has given up non-veg food. But with the Boycott of Ranbir Kapoor's film Brahmastra, people on social media are going viral on Kangana's statement and tweet on eating beef. Let us tell you that many people are angry on the old video of Ranbir. In this, he talked about liking beef. Meanwhile, people also found a video of Vivek Agnihotri, director of The Kashmir Files, in which he is heard talking about eating beef. It was said, did not eat snakes and octopus - Kangana Ranaut calls herself Sanatani. She has told in her social media and interviews that her life has changed a lot. Kangana has confessed to taking drugs, alcohol, beef everything. Although she has also told that it was her past. Kangana once told how she started eating beef. Kangana had told, the day I was leaving my house, my mother told me to just make a promise. He had said, we are Hindus, please don't eat beef. Since then I have been in a hurry to eat beef. There must be something in beef that my mother forbade me to eat. So I tried it and I liked it. Since then I eat beef regularly. I eat beef but couldn't dare to eat snakes and octopus. But I am such a person that you can put anything in my mouth, in the case of Kangana- 2019, a tweet from Kangana's Twitter account went viral. This tweet was probably done by his sister Rangoli. It was written, there is nothing wrong in eating beef and other meats. It has nothing to do with religion.



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## एसडीएम ने देखा प्रशिक्षण का हाल



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- ब्लॉक संसाधन केंद्र जलेसर पर उपजिलाधिकारी रामनयन एवं क्षेत्राधिकारी ने चल रहे चार दिवसीय निपुण भारत मिशन के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उनके द्वारा प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों के साथ भोजन किया तथा भोजन व्यवस्था संतोषजनक पाई। इस दौरान उनके द्वारा प्रशिक्षण के संबंध में प्रशिक्षणार्थियों से सवाल-जवाब भी किए गए।सभी प्रतिभागियों से विद्यालय में निपुण भारत मिशन को लागू करने का आह्वान किया गया। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी पवन कुमारी, सन्दर्भदाता एआरपी राजेश भगत,दिनेश कुमार,उमेश शुक्ला, अमित कुमार,ज्ञानेंद्र वीर सिंह, धन सिंह उपस्थित रहे

## गांजे की खेती पर हुई कार्यवाही 350 पौधे हुए जप्त



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- मामला थाना मरवाही के ग्राम बदरोड़ी का है, पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला * को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बदरोड़ी के कुतलगड़ई बांधा किनारे बाबूलाल चिचमा व्यापक तौर पर अपने भिंडी और भुट्टा बाड़ी में छिपाकर गांजा की खेती कर रहा है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गौरेला श्री अशोक वाडेगावकर के मार्गदर्शन में थाना मरवाही एवं साइबर सेल की टीम गठित कर मामले में तत्काल कार्यवाही करने का निर्देश दिए। थाना मरवाही एवं साइबर सेल की टीम के द्वारा मौके पर पहुंच कर बताये हुए जगह में दबिश दिया गया। जो बाबूलाल के द्वारा अपने भुट्टा बाड़ी में व्यापक तौर पर गांजे की खेती किया हुआ था। नारकोटिक एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए आरोपी बाबूलाल चिचमा के भुट्टा बाड़ी से छोटे बड़े गांजा के कुल 350 पौधे कुल वजन 38.2 किलो कीमती 2,00,000 रुपये जप्त किये गया। आरोपी बाबूलाल चिचमा पिता स्व समेलाल चिचमा 56 साल निवासी कोकड़ा टोला बदरोड़ी को गिरफ्तार कर लिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक प्रवीण द्विवेदी, थाना प्रभारी मरवाही अनिल अग्रवाल, उप निरीक्षक बीएल कोशरिया, आर नारद जगत, रमेश जायसवाल, राजेश शर्मा, रामलाल खुराना,चौपाल कश्यप, सतीश कोर्राम, संजय रात्रे की भूमिका रही।

## मारहरा गेट मुहला में जल भराव जल्द इस समस्या का समाधान कराये

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- मोहल्ला मारहरा दरवाजा इस्लामनगर पुलिया की बहुत गंभीर व्यवस्था है पानी घर-घर में भर रहा है नगरपालिका का कोई आश्वासन नहीं मिल रहा है और ना ही कर्मचारी आ रहे हैं और ना ही वार्ड नंबर 25 मेमबर भी नहीं नहीं देखने आता कि यहां कैसी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है , बच्चे स्कूल भी नहीं जा पा रहे हैं वहां के स्थानीय लोगों को आने जाने में दिक्कत हो रही है स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश भी है स्थानीय लोग एटा डीएम साहब से अपील और गुजारिश करते हैं कि अपनी निगरानी में नगर पालिका के कर्मचारी अध्यक्ष महोदय जी से वार्ड नंबर 25 के मेंबर से पूछा जाए कि इतना बुरा हाल क्यों हो रहा है जबकि वहां पर सीवर लाइन का भी काम पूरा हो चुका है अगर आने वाले समय में कोई अनहोनी होती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा हम सभी लोग छ्रु जिलाधिकारी महोदय सी जी से अपील करते हैं जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की कृपा करें मोहम्मद सैफ अली सुल्तान अली अब्बास, वार्ड नंबर 25 संभावित प्रत्याशी, रियाज अब्बास शहर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग एटा संभावित प्रत्याशी नगर पालिका परिषद एटा, मम्मा चाऊमीन, अस्सलाम, राकेश जैन, मनोज जैन, मनोज गुप्ता, संजीव ,आंकड़े ,अकरम ,अनस साबिर अली,

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## धूमधाम से निकाली पुष्पदंत भगवान की रथ यात्रा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पर्यूषण पर्व के समापन पर शुरू हुआ दो दिवसीय मेला महोत्सव घंटाघर पांडाल में आज होगी क्षमा याचना एटा- जैन समाज के प्रमुख पर्यूषण पर्व की समाप्ति के बाद शनिवार को दो दिवसीय रथयात्रा महोत्सव शुरू हो गया। शहर के बड़े जैन मंदिर से पुष्पदंत भगवान की रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। दो दिवसीय रथयात्रा के पहले दिन जैन समाज के महिलाओं, पुरुषों ने पुष्पदंत भगवान की रथयात्रा में जहां पुष्पवर्षा की, वहीं आरती उतारकर पूजा अर्चना की। इस दौरान बैंडबाजों की धुन पर भक्ति भजनों और जिनवाणी पर आधारित गीतों पर लोग झूमते रहे।

## जाम लगाने में किसान यूनियन पदाधिकारियों पर मुकदमा दज

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जीटी रोड पर आड़े-तिरछे वाहन खड़ाकर जाम लगाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। नगर पुलिस ने 50 किसान संगठन के पदाधिकारियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसएचओ कोतवाली नगर डॉक्टर सुधीर कुमार सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आठ सितंबर की रात को नीलकंठ होटल के सामने जीटी रोड पर किसान संगठन नेताओं ने आड़े-तिरछे वाहन खड़ा करके जाम लगा दिया था। इससे राहगीरों को निकलने में काफी परेशानी हुई थी। मामले में एसएचओ ने तरूण शर्मा सहित चार नामजद, पचास अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शाहजहांपुर में गन्ने का भुगतान बैंक से निकालने पहुंचे किसान को मिली खुद की मौत की सूचना

उत्तर प्रदेश में बीते दिनों स्वास्थ्य तथा पीडब्ल्यूडी विभाग में कुछ मृत कर्मचारियों के तबादले होने के बाद अब एक बैंक ने किसान को उसके मृत होने की सूचना दी है। शाहजहांपुर का एक किसान जब बैंक से अपने गन्ने की फसल का भुगतान लेने गया तो बैंक ने उसको भुगतान देने से इन्कार कर दिया। उत्तर प्रदेश में जीवित व्यक्तियों को मृत बताने का सिलसिला जारी है। इसी कारण यहां पर मृतक संघ भी बना है, जिसके सदस्य लगातार अपने को जीवित साबित करने में लगे हैं। ताजा मामला उत्तर प्रदेश की गन्ना बेल्ट माने जाने वाले शाहजहांपुर का है। शाहजहांपुर में एक किसान अपने गन्ने का भुगतान निकालने बैंक पहुंचा। यहां पर खुद के मरने की खबर सुन उसके होश उड़ गए। प्रदेश में सरकारी दस्तावेजों में किसी जिन्दा इंसान को मुर्दा बताना कोई नया नहीं हैं। ताजा मामला शाहजहांपुर से आया है, जहां एक किसान को मृत बता दिया गया। है। वह खुद को जिंदा साबित करने में लगा तो उसकी मौत के गलत कागज तैयार करने के प्रकरण में बीडीओ को





निलंबित कर दिया गया। शाहजहांपुर में एक किसान को मृत बता दिया गया। इस मामले की जानकारी तब हुई जब किसान बैंक से गन्ने का भुगतान निकालने गया। बैंक पहुंचने पर पता चला कि वह तो सरकारी कागज में मृत हो चुका है जिस वजह से वह खाते से पैसा नहीं निकाल सकता। पीड़ित किसान ने बताया कि हम बैंक में गन्ने के रुपए निकालने गए थे तब हमें पता चला कि हम मर चुके हैं। हमारे पांच बेटे हैं। शाहजहांपुर के इस मामले ने तब तूल पकड़ा जब किसान अपने गन्ने का भुगतान लेने बैंक पहुंचा। यहां पर एक पीड़ित किसान ने अपनी चिट्ठी में लिखा है कि मैं बैंक से पैसा निकालने गया तो बैंक ने बताया कि आप अपने खाते से लेन देन नहीं कर सकते हैं। यह मामला सामने आने के बाद अधिकारियों ने कहा कि जांच के बाद दोषी पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। तीन सितंबर को पीड़ित ओम प्रकाश ने चिट्ठी लिखकर बताया कि हम बैंक में गन्ने के रुपए निकालने गए थे, तब हमें पता चला कि हम मर चुके हैं। यह प्रकरण सामने आने के बाद तिलहर की एसडीएम राशी कृष्णा ने बताया कि हमने राजस्व टीम गठित की और पता चला कि जून 2021 के तिलहर के बीडीओ ने उनको मृत घोषित किया था। इसमें पंचायत सचिव की लापरवाही सामने आई थी, जिसके बाद उनको निलंबित कर दिया गया है।

## शराब पीकर खेत में गरी पानी में डूबने से 65 वर्षीय वृद्ध महिला की हुई मौत



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सूरजपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी बिहारपुर के ग्राम पंचायत उमझर में शराब पीकर खेत में गिरी महिला की पानी में डूबने से मौत हो गई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत उमझर निवासी सुमित्रा सिंह पति स्वर्गीय धर्मपाल सिंह गोड़ 65 वर्षीय महिला अपने बेटी दामाद के घर गांव में ही जा रहे थे वहीं शराब के नशे में खेत में गिर गई जहां खेत में पानी था पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस चौकी मोहरसोप को दी। जानकारी मिलते ही तत्काल चौकी स्टॉप घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा तैयार कर पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर भेजें।

# वेतन विसंगति के निराकरण पर बनी कमेटी को तीन माह में निर्णय लेना था परन्तु अब एक वर्ष होने को है अभी भी है निर्णय का इंतजार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा है कि 16 सितम्बर 2021 को सहायक शिक्षको के वेतन विसंगति के लिए प्रमुख सचिव शिक्षा की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन 3 माह में रिपोर्ट देने हेतु किया गया था। कमेटी की बैठक भी हुई परन्तु सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति पर सार्थक निर्णय अभी तक नही लिया गया है जिससे कमेटी की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है । यही कारण है कि लगभग 1 साल में भी अब तक रिपोर्ट को ही सार्वजनिक नहीं किया गया है और वेतन विसंगति की मांग को भी नही माना गया है। शासन ने सहायक शिक्षको के वेतन विसंगति का क्या हश्र किया हुआ है, समिति के कार्यप्रणाली व शासन के रवैये से स्पष्ट है। टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री रंजय सिंह, प्रदेश प्रचारसचिव अजय सिंह, प्रदेश संगठनसचिव मुकेश मुदलियार,सूरजपुर जिलाध्यक्ष भुपेश सिंह, महिला प्रकोष्ठ की फूलमती सारथी ने कहा है कि अब शासन से पूछा जाएगा कि कमेटी 3 माह के लिए गठित की गई थी तो 1 साल में भी कमेटी ने निर्णय क्यो नहीं दिया और सहायक शिक्षकों के लिए वेतन विसंगति दूर करने का आदेश क्यो नही जारी किया गया ? प्रदेश महामंत्री रंजय सिंह ने प्रथम नियुक्ति तिथि की गणना कर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन, सहायक शिक्षको के वेतन विसंगति ( समानुपातिक ), प्रथम नियुक्ति तिथि से क्रमोन्नति, अवरुद्ध पदोन्नति शीघ्र करने, प्राचार्य पद को वन टाइम रिलेक्सेशन में शामिल करने के मुद्दे पर पहल करने की बात कही है । शिक्षक नेताओ ने एक स्वर मे कहा है कि अब पुरानी पेंशन लागू हो गई है। किन्तु पूर्ण पेंशन 1 लाख 65 हजार शिक्षको का मामला है जिसमे एल बी संवर्ग के 82 हजार सहायक शिक्षक एवं 83 हजार शिक्षक, व्याख्याता है। पुरानी पेंशन में अभी बड़ी पेंच है। सहायक शिक्षक का वेतन विसंगति बहुत बड़ा विषय है इसके लिए लड़े भी पर अभी तक कुछ नही मिला है। प्रथम नियुक्ति तिथि से सहायक शिक्षक को क्रमोन्नति में व व्याख्याता, शिक्षक को समयमान में वित्तीय लाभ मिलेगा, न्यायालय में पदोन्नति अवरुद्ध है । प्राचार्य के पद को वन टाइम रिलेक्सेशन में शामिल नहीं किया गया, इन सबसे शासन को ही लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भुपेश सिंह एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने कहा है कि पूर्व सेवा अवधि की गणना कर प्रथम नियुक्ति तिथि से 20 वर्ष की सेवा को पूर्ण पेंशन हेतु मान्य कर पुरानी पेंशन लागू करने, सहायक शिक्षको के वेतन विसंगति को दूर करने हेतु प्राथमिक शिक्षा को विशेष शिक्षा का दर्जा देकर व्याख्याता - शिक्षक के समानुपातिक सहायक शिक्षक का वेतनमान सुधार करने, 2013 में लागू शिक्षक समतुल्य वेतनमान को 1.86 गुणांक के आधार पर वेतनमान निर्धारण कर संशोधित एलपीसी जारी करने, पूर्व सेवा अवधि को जोड़ते हुए सहायक शिक्षकों को प्रचलित नियम अनुसार सीधे उच्च वर्ग शिक्षक का 4200 ग्रेड पे का उच्चतर वेतनमान देते हुए क्रमोन्नति का आदेश करने तथा शिक्षक व व्याख्याता के लिए समयमान वेतनमान का आदेश जारी करने व न्यायालय में अवरुद्ध पदोन्नति पर शासन द्वारा ठोस पहल होना आवश्यक है टीचर्स एसोसिएशन इन सभी विषयों पर वरिष्ट अधिकारियों से मिल कर अपना पक्ष रखेगा साथ ही मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री का भी ध्यान आकर्षित करेगा ।

## शिविर में मरीजों का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और दवा वितरण गया



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर -सूरजपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी बिहार पुर के ग्राम पंचायत खोहिर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर निशुल्क जांच परामर्श एवं दवा का वितरण किया गया। कलेक्टर इफ्फत आरा एवं स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर एस सिंह के मार्गदर्शन में शनिवार को ग्राम पंचायत खोहिर में बिहारपुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क जांच परामर्श एवं दवाई का वितरण किया गया जिसमें 53 ग्रामीणों का जांच किया गया एवं दवाई दिया गया समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहार पुर के प्रभारी डॉ सुरेश कुमार मिश्रा मुकेश कुमार देवांगन सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का निधन, बेबाक बयानों के लिए थे विख्यात







नरसिंहपुर-। शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का रविवार को निधन हो गया। स्वामी स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती दो पीठों ( ज्योतिर्मठ और द्वारका पीठ ) के शंकराचार्य थे। वह सनातन धर्म की रक्षा के लिए आजीवन प्रयासरत रहे। स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती लंबे समय से बीमार थे। उन्होंने नरसिंहपुर जिले की झोतेश्वर पीठ के परमहंसी गंगा आश्रम में अंतिम सांस ली। स्वामी स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती अपनी बेबाक बयानी के लिए भी चर्चित थे। उनके निधन से संत समाज में शोक है। 99 वर्षीय स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने राम मंदिर निर्माण के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका बेंगलुरु में इलाज चल रहा था। कुछ ही दिन पहले ज्योर्तिमठ बद्रीनाथ और शारदा पीठ द्वारका के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के झोतेश्वर स्थित परमहंसी गंगा आश्रम में लौटे थे। उन्होंने इसी आश्रम में दोपहर साढ़े 3 बजे अंतिम सांस ली। स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने आजादी की लड़ाई में हिस्सा लिया था और जेल भी गए थे। शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का जन्म 2 सितंबर 1924 को हुआ था। स्वामीजी ने महज नौ साल की उम्र में अपना घर छोड़ दिया था। 1980 में उन्हें शंकराचार्य की उपाधि मिली थी। वह धर्म के साथ राजनीतिक मुद्दों पर भी अपनी बेबाक राय रखने के लिए जाने जाते थे। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह समेत अनेक वरिष्ठ नेता उनके अनुयायी रहे हैं। वह ज्योतिर्मठ और द्वारका पीठ के शंकराचार्य थे। शंकराचार्य के शिष्य ब्रह्म विद्यानंद की ओर से साझा की गई जानकारी के मुताबिक स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती को सोमवार को शाम 5 बजे परमहंसी गंगा आश्रम में समाधि दी जाएगी। महज 19 साल की उम्र में स्वतंत्रता सेनानी के तौर पर उनकी ख?याति देशभर में फैल चुकी थी और वह क्रांतिकारी साधु के रूप में चर्चित हो गए थे। यह 1942 का दौर था जब देश अंग्रेजों से आजादी की लड़ाई लड़ रहा था। सिवनी जिले के दिघोरी गांव में एक ब्राह्मण परिवार में जन्मे स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के बचपन का नाम पोथीराम उपाध्याय था। शंकराचार्य स्वामी स्परूपानंद सरस्वती ने राम जन्मभूमि विवाद मामले में एक तल?ख बयान में भाजपा और विश्व हिंदू परिषद पर निशाना साधा था। उनका कहना था कि कुछ संगठन अयोध्या में मंदिर के नाम पर अपना कार्यालय बनाना चाहते हैं जो हमें कतई मंजूर नहीं है। उन्होंने इस मुद्दे पर हो रही राजनीति की आलोचना की थी। साल 1950 में उन्हें दंडी संन्यासी और 1981 में शंकराचार्य की उपाधि मिली।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर कहा- द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। शोक के इस समय में उनके अनुयायियों के प्रति मेरी संवेदनाएं... ओम शांति! वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी के निधन का दु:खद समाचार मिला। सनातन संस्कृति एवं धर्म के प्रचार-प्रसार को समर्पित उनके कार्य सदैव याद किए जाएंगे। ईश्वर दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करें। शांति..